an>

Title: Need to start work on Nadiyad-Kapadwanj-Modasa to Shamlaji railway line in Gujarat.

श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार मानता हूं। मेरे मत क्षेत्र साबरकांठा, नडियाद, कपदवंज-मोडासा से न्यू बोर्ड गेज रेलवे लाइन शामलाजी रेलवे स्टेशन तक चलती है। यह रेल लाइन 1978 से पेंडिंग है, जिसकी वजह से वहां गुड्स ट्रेन का प्रावधान नहीं हो पा रहा। इस कारण सारा गुड्स(माल-सामान) रोड के माध्यम से जाता है। कपदवंज-मोडासा न्यू बोर्ड गेज लेन, जो शामलाजी तक पहुंचती है, उस 22 किलोमीटर लेन के लिए 55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस रूट के चालू न होने से रोज करीब पांच हजार यात्रियों को रेल सुविधा नहीं मिल पाती, जिसका फायदा रेलवे को नहीं मिल पाता। इस रूट के लिए भारत सरकार के रेल मंत्रालय से बहुत बार पत्र-व्यवहार करके आगे की कार्यवाही करने के लिए कहा गया, लेकिन आज तक उसमें कोई प्रगति नहीं हुई।

इस रूट से दिल्ली-उदयपुर और गुजरात के मोडासा-कपदवंज-नडियाद-वडोदरा-सूरत एवं मुम्बई के नागरिकों को बेहतर रेल सुविधा मिलने वाली है। हाल ही में अहमदाबाद में हुई वेस्टर्न रेलवे के जनरल मैनेजर के साथ हुई बैठक में भी यही प्रश्न उठाया गया था...(व्यवधान)

गुजरात, खेडा, साबरकांठा और राजस्थान के सांसदों को भी यही डिमांड है कि यह लाइन जल्दी शुरू की जाये।

माननीय अध्यक्ष: श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को श्री डी.एस. राठौड़ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।